Dabur
India Ltd.

Ref: SEC/SE/2019-20
Date: July 31, 2020

**Scrip Symbol**: NSE– DABUR, BSE Scrip Code: 500096

To,

Corporate Relation Department
**BSE Ltd.**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai- 400001

**National Stock Exchange of India Ltd**
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C/1, G Block Bandra – Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai – 400051

**Sub: Publication of Un-Audited Financial Results for the Quarter ended on 30.06.2020**

Dear Sirs,

In compliance of provisions of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are pleased to enclose copies each of Financial Express (English Daily) and Jansatta (Hindi Daily) both dated 31st July, 2020 in which Un-audited financial results of the company for the quarter ended on 30.06.2020, have been published. The aforesaid results have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 30.07.2020.

Submitted for your information and records pl.

Thanking you,
Yours faithfully,

for DABUR INDIA LIMITED

(A K JAIN)
E.V.P (FINANCE) & COMPANY SECRETARY

DABUR INDIA LIMITED, Punjabi Bhawan, 10, Rouse Avenue, New Delhi-110 002, Tel.: +91 11 71206000 Fax: +91 11 23222051
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002 (India)
PAN: AAACD0474C, CIN: L24230DL1975PLC007908, Email: corpcomm@mail.dabur, Website: www.dabur.com



वरलक्ष्मी व्रत के लिए गुरुवार को बंगलुरु में सब्जियां खरीदते लोग।

# एआइआइबी से भारत को तीन अरब डॉलर का कर्ज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 जुलाई।

बेजिंग स्थित बहुपक्षीय वित्त पोषण एजंसी एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआइआइबी) भारत में संपर्क मार्गों और आवागमन में सुधार के अपने प्रयास के तहत दिल्ली व मेरठ रैपिड रेल, मुंबई मेट्रो रेल और चेन्नई बाहरी रिंग रोड परियोजना सहित विभिन्न बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अगले 12 महीनों में तीन अरब डॉलर ऋण प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है।

एआइआइबी के उपाध्यक्ष डीजे पंडियन ने कहा कि अभी तक बैंक के कुल वितरित कर्ज में 25 फीसद हिस्सेदारी के साथ भारत सबसे बड़ा कर्जदार है। एआइआइबी की स्थापना 2016 में की गई थी। तब से अब तक एआइआइबी ने 24 देशों की 87 परियोजनाओं के लिए 19.6 अरब डॉलर के कर्ज को मंजूरी दी है। इनमें भारत की 17 परियोजनाओं के लिए 4.3 अरब डॉलर के कर्ज शामिल हैं।

पंडियन ने वित्तपोषण के भविष्य के अवसरों के बारे में बताया कि पाइपलाइन मजबूत है और कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं अनुमोदन के विभिन्न चरणों में हैं। उन्होंने कहा, 'अभी 4.5-5 अरब डॉलर की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं और यदि सब चीजें ठीक रहीं तो हम एक साल में भारत के लिए तीन अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देंगे।'

वित्तपोषण के लिए जिन परियोजनाओं पर विचार किया जा रहा है, वे दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर (50 करोड़ डॉलर), हरियाणा बाईपास लिंक रेलवे (40 करोड़ डॉलर), मुंबई मेट्रो लाइन (35 करोड़ डॉलर) और मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (50 करोड़ डॉलर) हैं। पंडियन ने बताया कि अकेले महाराष्ट्र में लगभग 1.2 अरब डॉलर की तीन परियोजनाएं विचाराधीन हैं।


## यूको बैंक UCO BANK

ई-नीलामी विक्रय सूचना (सरफाएशी अधिनियम 2002 के तहत)

क्षेत्रीय कार्यालय, वसूली विभाग, प्रथम तल, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, दूरभाष : 011-23753827, 011-49498261, 011-49498285

### अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 5, 6, 7, 8 एवं 9 के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (सरफाएशी अधिनियम) की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत बैंक के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री की ई-नीलामी बिक्री। नीचे उल्लिखित कर्जदार के खाते में प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण की धारा 13(2) के तहत निर्गत सूचना के अनुसार अधिकृत प्राधिकारी(यों) द्वारा बैंक के बकायों की वसूली हेतु ''जहाँ है जैसे है'' तथा ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया गया है। संविदाएँ जमा करने की अन्तिम तिथि 03.09.2020 को 05:00 बजे अपराह्न तक। ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 04 सितम्बर, 2020 को 11:00 बजे प्रातः से 2:00 बजे अपराह्न के बीच प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित।

### अचल सम्पत्तियों का विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम, आईएफएससी सं., खाता सं., दूरभाष नं. एवं ई-मेल | कर्जदार तथा जमानती का नाम | बकाया राशि (रु. लाख) | चिन्हित सम्पत्तियाँ | कब्जा | सम्पत्ति के स्वामी का नाम | एमआरपी (रु. लाख) ईएमडी | सम्पत्तियों के निरीक्षण की तिथि | सरकारी बकाया यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नारायणा शाखा आईएफएससी कोड : UCBA0001027, ईएमडी खाता सं. 10271015020019 namew@ucobank.co.in | मैसर्स डायलैन जीन्स प्रोप. प्रेम लता गुप्ता | 25.36 लाख | सम्पत्ति सं. सी-34, दूसरी मंजिल, माप 60 वर्ग गज, खसरा नं. 18-22 में से, ग्राम : मटियाला, आबादी नन्हे पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली | भौतिक कब्जा | श्रीमती प्रेम लता गुप्ता पत्नी श्री गौरव गुप्ता | रु. 19.44 लाख रु. 1.95 लाख | 19.08.2020 शाखा प्रबन्धक श्री केवल कुमार 8826975045 | अज्ञात |
| 2 | पंजाबी बाग शाखा आईएफएससी कोड : UCBA0000234, ईएमडी खाता सं. 02341015020019 punjab@ucobank.co.in | मैसर्स निशिट्रेडेक्स प्रा.लि. निदेशक स्री नीरज तिवारी, निदेशक श्री आशुतोष कुमार श्रीवास्तव | रु. 264.88 लाख | वाणिज्यिक दुकान नं. एसएफ-03, दूसरी मंजिल, क्राउन इन्टीरियर्ज, ग्राम सरिया ख्वाजा, फरीदाबाद, माप सुपर एरिया 2835 वर्ग फीट कवर्ड एरिया 1758 वर्ग फीट | भौतिक कब्जा | मैसर्स विन्ध्य बिल्डकॉन प्रा.लि. | रु. 109.69 लाख रु. 11.00 लाख | 19.08.2020 शाखा प्रबन्धक श्रीमती तृप्ति कुमारी 8765408169 | अज्ञात |
| 3 | कमला नगर शाखा आईएफएससी कोड : UCBA0000063, ईएमडी खाता सं. 00631015020019 kamlan@ucobank.co.in | श्री प्रेम प्रकाश | रु. 19.83 लाख | सम्पत्ति सं. 626, पॉकेट-1, सेक्टर-ए-6, नरेला, दिल्ली का सम्पूर्ण भाग | भौतिक कब्जा | श्रीमती कविता रानी पत्नी श्री प्रेम प्रकाश | रु. 11.43 लाख रु. 1.15 लाख | 19.08.2020 शाखा प्रबन्धक श्रीमती जसल्का पी. चम्पानेरी 9968704906 | अज्ञात |

### नियम एवं शर्तें :

1. नीलामी विक्रय उपर्युक्त सम्पत्ति (आईएसटी) के सम्मुख अंकित समय के अनुसार 04.09.2020 को 11.00 बजे प्रातः से 2.00 बजे अपराह्न के बीच प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित ई-बिक्रय वेबपोर्टल के माध्यम से सम्भावित क्रेताओं हेतु यूआरएल : https://ibapi.in तथा नीलामी वेबसाइट https://vww.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp के माध्यम से ''ऑनलाइन ई-नीलामी''/संविदा पर सम्पन्न होगा।
2. इच्छुक संविदाकारों को पहले ही स्वयं को पोर्टल पर पंजीकृत करना तथा एमएसटीसी हेल्पडेस्क : 033-22901004 से लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करना होगा जो ई-संविदा के लिए अनिवार्य है। सम्पर्क : प्रचालन/पंजीकरण स्थिति : ibapiop@mstcecommerce.com. वित्त/ईएमडी स्थिति : ibapifin@mstcecommerce.com. वित्त/ईएमडी स्थिति ibapfin@mstcecommerce.com. हेल्पलाइन ई-मेल आईडी : rranjan@mstclndla.co.in
3. इच्छुक संविदाकारों को अपनी संविदाएँ जमा करने तथा ई-नीलामी विक्रय प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व नीलामी विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाइट https://ibapi.in ध्यान से देखने की सलाह दी जाती है।
4. संविदाएँ प्रासंगिक विवरण सहित केवल निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन जमा की जायेंगी।
5. संविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 03.09.2020 को 5.00 अप. तक।
6. उपर्युक्त सम्पत्ति हेतु जमा धरोहर राशि (ज.ध.रा.) स्तम्भ सं. 2 में सम्बद्ध शाखा नाम के साथ उल्लिखित के अनुसार खाते की क्रेडिट में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से अथवा अधिकृत प्राधिकारी, यूको बैंक, नई दिल्ली में देय के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से जमा करनी होगी। कृपया ध्यान दें कि ईएमडी राशि के रूप में चेक नहीं स्वीकार किये जायेंगे।
7. ऑनलाइन जमा किये गये संलग्नक (यूटीआर सं. का उल्लेख करते हुए) सहित संविदा प्रपत्र की एक प्रति सम्बद्ध शाखा के अधिकृत प्राधिकारी/शाखा प्रबन्धक, यूको बैंक के पास प्रस्तुत करनी है अथवा ई-मेल द्वारा इसकी सॉफ्ट प्रति zonewdelhi.rec@ucobank.co.in पर भेजनी है।
8. संविदा मूल्य न्यूनतम आरक्षित मूल्य (एमआरपी) के बराबर/अथवा अधिक होगा किन्तु रु. 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र) के गुणक में होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि प्रथम ऑनलाइन संविदा (एच1) जो ऑनलाइन फारवर्ड नीलामी के दौरान सिस्टम में आती है उसमें संविदाएँ जमा करने की अन्तिम तिथि तक प्राप्त उच्चतम संविदाओं से उच्चतर बढ़ोतरी की जा सकती है अर्थात प्रारम्भिक मूल्य से एक बढ़ोत्तरी अथवा बढ़ोत्तरी के गुणक द्वारा प्रारम्भिक मूल्य से उच्चतर। नीलामी के दौरान, आउटबिड से आने वाली अनुगामी संविदा का एच1 रेट एच1 रेट से एक बढ़ोत्तरी उच्चतर होना चाहिए अथवा बढ़ोत्तरी मूल्यों के गुणक में होना चाहिए।
9. सफल संविदाकारों को विक्रय के उसी दिन उपर्युक्त क्लॉज 7 में उल्लिखित माध्यम से ई-नीलामी विक्रय प्रक्रिया के बन्द होने के तुरन्त बाद संविदा राशि (पहले से प्रदत्त धरोहर राशि सहित) का 25% जमा करना होगा। क्रय मूल्य का शेष 75% अधोहस्ताक्षरी द्वारा सफल संविदाकार को स्वीकृति/पुष्टि के 15 दिनों के भीतर अदा करना होगा।
10. यदि सफल संविदाकार उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार संविदा राशि जमा करने में असफल हो जाता है तो संविदाकार द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।
11. असफल संविदाकार(रों) की ज.ध.रा. ई-नीलामी विक्रय प्रक्रिया के बन्द होने पर लौटा दी जायेगी।
12. विक्रय बैंक की पुष्टि का विषय है। यदि कर्जदार/जमानती विक्रय से पूर्व सम्पूर्ण राशि बैंक को अदा कर देता है तो कोई विक्रय संचालित नहीं होगा।
13. सम्पत्ति का विक्रय ''जहाँ है वहाँ है तथा जो कुछ भी है वहीं है'' आधार पर किया जायेगा तथा इच्छुक संविदाकार को बैंक के प्रभारों के अतिरिक्त किसी प्राधिकरण की सम्पत्ति के सम्बन्ध में ठोस पूछताछ कर लेनी चाहिए और अपनी संविदा प्रस्तुत करने से पूर्व सम्पत्ति के स्वामित्व, गुणवत्ता तथा मात्रा के विषय में स्वयं को सन्तुष्ट कर लेना चाहिए। ऑनलाइन संविदा जमा करने के पश्चात विक्रय हेतु रखी सम्पत्ति, प्रभारों, किसी अन्य मामले में सम्पत्ति पर ऋणभारों आदि किसी भी प्रकृति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. अधोहस्ताक्षरी को बिना किसी पूर्व सूचना के तथा बिना कोई कारण बताए किसी संविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने, विक्रय को स्थगित/विलम्बित/निरस्त करने /किसी नियम तथा शर्तों को परिवर्तित करने का पूर्ण अधिकार एवं विशेषाधिकार है।
15. क्रेता को विक्रय प्रमाणपत्र पंजीकरण प्रभार, सरकार को देय समस्त विधिक बकाये, कर एवं दरें तथा सम्पत्ति से सम्बद्ध वर्तमान तथा भावी व्यय सहित स्टैम्प शुल्क, प्रभार आदि वहन करने होंगे। विक्रय प्रमाणपत्र सफल संविदाकार के नाम से ही निर्गत किया जायेगा।
16. यह विक्रय सरफाएशी अधिनियम/नियम 2002 में निर्धारित शर्तों तथा उपर्युक्त शर्तों का विषय है।
17. अधिक विवरण के लिए कृपया सम्पर्क करें : शाखा प्रबन्धक, यूको बैंक, सम्बद्ध शाखा (स्तम्भ-2) अथवा यूको बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली, दूरभाष : 011- 49498261

यह प्रकाशन सरफाएशी अधिनियम, 2002 के तहत उपर्युक्त कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं के लिए 30 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

यह प्रकाशन सूचना विशेष रूप से कर्जदार(रों)/जमानती(यों) तथा जनसामान्य के लिए भी है।

दिनांक : 31.07.2020
स्थान : नई दिल्ली

अधिकृत प्राधिकारी
यूको बैंक


# जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में आई कमी की भरपाई करना केंद्र का दायित्व नहीं : महान्यायवादी

नयी दिल्ली, 30 जुलाई (भाषा)।

भारत सरकार के महान्यायवादी की राय में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति मद में आई कमी को पूरा कर राज्यों को उसका भुगतान करने का केंद्र सरकार पर कोई दायित्व नहीं है। इस कमी को दूर करने और उसके तौरतरीकों पर कोई भी निर्णय जीएसटी परिषद को लेना होता है। सूत्रों ने यह कहा है।

जीएसटी परिषद की मार्च में हुई बैठक के बाद केंद्र ने इस संबंध में सरकार के महान्यायवादी केके वेणुगोपाल से क्षतिपूर्ति कोष में कमी की भरपाई के लिए जीएसटी परिषद द्वारा बाजार से उधारी उठाने को लेकर कानूनी स्थिति पर राय मांगी थी। सूत्रों के अनुसार, सरकार के मुख्य कानूनी अधिकारी वेणुगोपाल ने अपनी राय में कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति कोष में कमी की भरपाई करना केंद्र सरकार की बाध्यता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कमी की भरपाई करने का रास्ता निकालने के बारे में जीएसटी परिषद को निर्णय लेना है।अगस्त, 2019 के बाद से उपकर से संग्रह में कमी आने के बाद राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति का भुगतान करना मुद्दा बन गया। इसके बाद केंद्र सरकार को इसके भुगतान के लिए 2017-18 और 2018-19 में प्राप्त हुए अतिरिक्त उपकर संग्रह का इस्तेमाल करना पड़ा। जीएसटी कानून के तहत, राज्यों को एक जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के पहले पांच वर्षों में राजस्व में होने वाले नुकसान की भरपाई की गारंटी दी गई है। इस नुकसान की गणना जीएसटी में 14 फीसद वार्षिक वृद्धि मानकर की जाती है, जिसके लिए 2015-16 को आधार वर्ष माना गया।

केंद्र ने जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में 2019-20 में 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक जारी किए थे। हालांकि, 2019-20 के दौरान उपकर संग्रह राशि 95,444 करोड़ रुपए ही थी। इससे पहले 2018-19 में 69,275 करोड़ रुपए और 2017-18 में 41,146 करोड़ रुपए का क्षतिपूर्ति भुगतान किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि जीएसटी क्रियान्वयन होने के बाद राजस्व में कमी होने पर संविधान में राज्यों को क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। एक सूत्र ने कहा, 'हालांकि, प्राकृतिक आपदा, कोविड-19 या आर्थिक मंदी जैसे कारणों से नुकसान होने पर संविधान या जीएसटी कानूनों के तहत क्षतिपूर्ति भुगतान की कोई बाध्यता नहीं है, क्योंकि ये कारण जीएसटी के क्रियान्वयन से संबंधित नहीं हैं।' सूत्र ने कहा, केंद्र सरकार को नहीं बल्कि जीएसटी परिषद को यह तय करना है कि ऐसी परिस्थितियों में कमी को कैसे पूरा किया जाए।

कई राज्यों ने इस क्षतिपूर्ति की भरपाई भारत सरकार के संचित निधि कोष से करने की मांग की है। लेकिन संसद ने 2017 में इस तरह के संशोधन को खारिज कर दिया था जिसमें जीएसटी क्षतिपूर्ति मद में आने वाली कमी को भारत के संचित निधि कोष से भुगतान किए जाने का प्रावधान था।

# डाबर का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ छह फीसद घटा

नई दिल्ली, 30 जुलाई (भाषा)।

घरेलू एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया लि. का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 6.18 फीसद घटकर 341.30 करोड़ रुपए रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 363.81 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 12.90 फीसद घटकर 1,979.98 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 2,273.29 करोड़ रुपए थी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा, 'हमने मजबूती वाली स्थिति से इस संकट में कदम रखा।'

# सूचकांक 335 अंक लुढ़का

मुंबई, 30 जुलाई (भाषा)।

वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों से देश के शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सूचकांक 335 अंक लुढ़क कर 37,736.07 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के बावजूद निवेशक कोविड-19 के बढ़ते मामलों और आर्थिक वृद्धि में गिरावट को लेकर चिंतित हैं। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक 335.06 अंक यानी 0.88 फीसद की गिरावट के साथ 37,736.07 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100.70 अंक यानी 0.90 फीसद की गिरावट के साथ 11,102.15 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान इंडसइंड बैंक को हुआ। इसमें 5.62 फीसद की गिरावट आई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, एसबीआई, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले प्रमुख शेयरों में सन फार्मा, मारुति, इनफोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रही, जिसमें 3.44 फीसद तक तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार जुलाई महीने के वायदा व विकल्प खंड में अंतिम दिन सौदों को पूरा करने के लिए की गई खरीद-बिक्री से भी बाजार में उतार-चढ़ाव आया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के अनुरूप नीतिगत दर को शून्य के करीब बरकरार रखा और कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बांड खरीद व नकदी बढ़ाने के अन्य उपायों को जारी रखने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। हालांकि, फेडरल रिजर्व के नरम रुख का वैश्विक शेयर बाजारों पर असर नहीं पड़ा। निवेशकों के बीच अमेरिका, यूरोप व अन्य क्षेत्रों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता अधिक है।

घरेलू बाजार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बैंक प्रमुखों से मजबूत कर्ज वृद्धि के लिए कामकाज के तरीकों पर गौर करने को कहा। साथ ही उन्होंने कर्ज फंसने की आशंका में उन प्रस्तावों को ठुकराने से मना किया जिस पर ऋण दिया जा सकता है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के प्रमुखों के साथ करीब तीन घंटे चली बैठक में प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार वित्तीय क्षेत्र की मदद के लिए हर कदम उठाने को तैयार है।

# 'निर्यात प्रोत्साहन योजना एमईआइएस से जुड़े मुद्दे को सुलझाने पर बातचीत जारी'

नई दिल्ली, 30 जुलाई (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय सरकार के वित्त पर 'गंभीर' असर डाले बिना निर्यात प्रोत्साहन योजना एमईआईएस के मसले के समाधान की कोशिश कर रहा है।

वाणिज्य मंत्रालय ने भारत से वस्तु निर्यात योजना (एमईआईएस) के तहत निर्यातकों के लिए कर प्रोत्साहन प्राप्त करने को लेकर आवेदन देने की ऑनलाइन प्रणाली को 23 जुलाई से अवरुद्ध कर दिया है। इसका कारण राजस्व विभाग द्वारा अप्रैल-दिसंबर, 2020 के दौरान योजना के तहत लाभ को 9,000 करोड़ रुपए तक सीमित रखने का फैसला करना है।

उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित वेबिनार (इंटरनेट के जरिए आयोजित सेमिनार) में गोयल ने कहा कि मेरे पास एमईआईएस का कोई एकदम से समाधान नहीं है। लेकिन हम संबद्ध प्राधिकरणों से बातचीत कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि एमईआईएस खत्म हो रहा है, यह नकद प्रवाह का मामला है और हम सभी जानते हैं कि कोविड-19 का सरकार के राजस्व पर भी उल्लेखनीय असर पड़ा है।

# आरईसी पॉवर ने चीनी कंपनी को दिया ठेका रद्द किया

नई दिल्ली, 30 जुलाई (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी की इकाई आरईसी पावर डिस्ट्रिब्यूशन लि. (आरईसीपीडीसीएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर में स्मार्ट मीटर परियोजना से चीनी कंपनी को हटा दिया है। सरकार के 'पूर्व संदर्भ देशों' से उपकरणों के आयात को लेकर जारी आदेश के तुरंत बाद यह कदम उठाया गया है।

आरईसी पावर डिस्ट्रिब्यूशन लि. ने पिछले साल सितंबर में जम्मू कश्मीर में 1.155 लाख स्मार्ट मीटर लगाने की परियोजना का काम टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी लि. को दिया था। एक बयान में आरईसीपीडीसीएल ने कहा कि परियोजना का आबंटन भारतीय कंपनी टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी लि. को दिया गया था। कंपनी ने परियोजना के लिए विभिन्न कल-पुर्जों के लिए उप-ठेकेदारों की सेवा ली।

बिजली मंत्रालय के पूर्व संदर्भित देशों या जिनके साथ भारत की सीमा लगती है, से किसी भी उपकरण के आयात से पहले मंजूरी की अनिवार्यता के आदेश के बाद कंपनी ने सभी नए/मौजूदा अनुबंधों की समीक्षा की। मंत्रालय ने मालवेर/ट्रोजन के जरिये साइबर हमले से बचने के लिए ये आदेश दिए।

# पहली तिमाही में जियो का शुद्ध लाभ 183 फीसद उछलकर 2,520 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली, 30 जुलाई (भाषा)।

देश के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ जून तिमाही में लगभग 183 फीसद उछलकर 2,520 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 891 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी का परिचालन से प्राप्त राजस्व भी 33.7 फीसद बढ़कर 16,557 करोड़ रुपए हो गया।

कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या 30 जून, 2020 तक बढ़कर 39.83 करोड़ हो गई। आलोच्य तिमाही के दौरान प्रति ग्राहक कंपनी का औसत राजस्व 140.3 रुपए प्रति माह रहा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मुकेश अंबानी ने कहा, 'जियो की शुरुआत एक मजबूत और सुरक्षित वायरलेस व डिजिटल नेटवर्क बनाकर भारत में हर किसी को डिजिटल कनेक्टिविटी का लाभ देने के दृष्टिकोण के साथ हुई। अब तेरह निवेशक, जिनमें सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों और वैश्विक निवेशक शामिल हैं, अब हमारे साथ यह दृष्टिकोण साझा करते हैं।


## Dabur India Limited

Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi -110 002
CIN: L24230DL1975PLC007908,
Tel No. 011-23253488, Fax No. 011-23222051
Website: www.dabur.com E-mail: corpcomm@dabur.com




(Amount in ₹ Cr.)

Extract of unaudited consolidated financial results for the quarter ended 30 June, 2020

| S. No. | Particulars | Quarter ended (30/06/2020) | Previous year ended (31/03/2020) | Corresponding quarter ended (30/06/2019) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue from operations | 1,979.98 | 8,703.59 | 2273.29 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax, exceptional items and share of profit/(loss) of joint venture) | 423.81 | 1,827.65 | 462.92 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items and share of profit/(loss) of joint venture) | 423.82 | 1,727.64 | 443.24 |
| 4 | Net Profit for the period after tax, exceptional items and share of profit/(loss) of joint venture | 341.30 | 1,447.92 | 363.81 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after non controlling interest, share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items) | 341.78 | 1,444.96 | 363.12 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period {comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) } | 371.96 | 1,546.55 | 374.98 |
| 7 | Paid-up equity share capital (Face Value of ₹ 1 each) | 176.74 | 176.71 | 176.71 |
| 8 | Other equity | | 6,429.04 | |
| 9 | Earnings per share (Face value of ₹ 1 each) (not annualised) | | | |
| | (a) Basic | 1.93 | 8.18 | 2.06 |
| | (b) Diluted | 1.93 | 8.15 | 2.05 |

Notes:

1. Additional information on standalone financial results is as follows:

| Particulars | Quarter ended (30/06/2020) | Previous year ended (31/03/2020) | Corresponding quarter ended (30/06/2019) |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | 1,490.89 | 6,309.80 | 1,628.27 |
| Profit before tax | 355.73 | 1,408.47 | 326.33 |
| Profit after tax | 289.43 | 1,170.35 | 257.81 |

2. The above is an extract of the detailed format of unaudited consolidated financial results for the quarter ended 30 June, 2020 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated financial results for the quarter ended 30 June, 2020 are available on the Stock Exchange websites (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and Company's website (www.dabur.com).

For and on behalf of Board of Directors

Place : New Delhi
Date: 30 July, 2020

(Amit Burman)
Chairman
DIN : 00042050


www.readwhere.com